# कार्यालय भू–सम्पदा अधिकारी

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर, 342 304 राजस्थान (भारत)

## OFFICE OF ESTATE OFFICER

AGRICULTURE UNIVERSITY, JODHPUR-342 304 RAJASTHAN (INDIA)

*J.S. Kachhawaha*
*Estate Officer*

Phone: 9829403929 (M)
E Mail: eoaujodhpur@gmail.com


No. F ( ) / EO/AUJ/2021-22/615

Date:07.01.2022

**ई–निविदा सूचना संख्या 24/2021–22**

कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के माननीय कुलपति महोदय की ओर से विश्वविद्यालय में विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में, इस विश्वविद्यालय में एवं अन्य विश्वविद्यालयों में, राज्य सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों तथा केन्द्र सरकार व केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों, जो कि राज्य सरकार के उपयुक्त श्रेणी के समकक्ष हो व पंजीकृत संवेदको, फर्मों से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट**www.aujodhpur.ac.in**, **www.dipr.rajasthan.gov.in/tenders.asp**, **www.sppp.rajasthan.gov.in** व **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर देखा जा सकता है ।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | कार्य पूर्ण करने अवधि | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | प्रोसेसिंग शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Development work at courtyard of Seed store/ processing unit campus of ARS, Mandor | 9.90 | 01 माह | 500/- | 19810/- | 500/- |
| 2. | Construction of Electric control panel room etc. work at GTC farm at CoA, Jodhpur | 8.03 | 02 माह | 500/- | 16072/- | 500/- |

(1) निविदादाता द्वारा धरोहर राशि , निविदा शुल्क (भू–संपदा अधिकारी, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के नाम देय (Estate officer Agriculture University, Jodhpur) एवं प्रोसेसिंग शुल्क (in favour of MD RISL payable at Jaipur) सभी भू– सम्पदा अधिकारी, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के कार्यालय में दिनांक 18.01.2022 प्रातः 11:00 तक बैंकरर्स चेक/डीडी के रूप ही जमा करवानी है। इस निविदा हेतु किसी भी प्रकार की एफडीआर स्वीकार्य नहीं होगी। उपरोक्त दस्तावेज जमा नही करवाने की अवस्था में निविदादाता की निविदा तकनीकी बिड नहीं खोली जायेगी।

(2) निविदा प्रपत्रों हेतु आवेदन/डाउनलोड की अवधि दिनांक 10.01.2022 प्रातः 10.00 बजे से 17.01.2022 सांय 4.00 बजे तक रहेगी ।

(3) (अ) निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फोरमेट में वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 10.01.2022 प्रातः 10.00 बजे से 17.01.2022, सांय 5.00 बजे तक जमा कराये जा सकते हैं एवं प्राप्त निविदाऐं, इलेक्ट्रोनिक फोरमेट में वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 18.01.2022 को प्रातः 12:00 बजे बिड खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश उस दिन अवकाश रहता है तो अगले दिन उसी समय व उसी स्थान पर निविदाऐं खोली जायेगी ।

(ब) निविदा जमा करवाने के बाद निविदा की समस्त प्रकिया ऑन लाईन होगी।

(स) निविदा खोलने की तिथि को किसी कारणवंश यदि सारी निविदाऐं नहीं खोली जा सकती है तो उसके अगले कार्य दिवस में शेष निविदाऐं खोलने का कार्य जारी रखा जायेगा

(द) भवन निर्माण कार्य जिनकी लागत रू. 200 लाख से कम की निविदायें की वित्तिय बिड निर्धारित तिथि को खोली जायेगी, रू. 200 लाख से उपर की निविदायें के लिए पोटेंशियल बिड पद्धति अपानाई जायेगी एवं रू. 10000 लाख से अधिक की निविदायों के लिए पोस्ट क्वालिफिकेशन पद्धति अपनाई जायेगी। उसके अनुसार तकनीकी आकलन में सफल निविदादाताओं की वित्तिय बिड को खोलने की सूचना निविदादाताओं को ई–मेल से दी जायेगीं।

(4) कार्य करने हेतु स्थल उपलब्ध है ।

(5) कार्यों के सम्मुख उपरोक्तानुसार वर्णित कार्यालय में संवेदक द्वारा दिनांक 10.01.2022 से 16.01.2022

प्रपत्रों में निविदाकर्ता के लिए योग्यता सूचना तथा निविदाकर्ता की पात्रता, प्लान, स्पेसिफिकेशन, ड्राइंग विभिन्न कार्यों की मात्रा एवं दरों का विवरण, नियम, शर्तें एवं अन्य विवरण वर्णित है ।

(6) निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क/ धरोहर राशि /प्रोसेसिंग शुल्क अथवा निविदा प्रपत्रों में वर्णित किसी एक प्रकार के रूप में निविदा खोलने वाले कार्यालय में दिनांक 18.01.2022 को प्रातः 11:00 बजे तक जमा करवाना आवश्यक है।

(7) निविदा खोलने की दिनांक से भू–सम्पदा अधिकारी द्वारा स्वीकृत की जाने वाली निविदा की अवधि 45 दिन तथा विश्वविद्यालय स्तर पर कमेटी द्वारा स्वीकृत की जाने वाली निविदा की अवधि 90 दिन, तक निविदा स्वीकृति हेतु मान्य (open) रहेगी। यदि निविदाकर्ता उस अवधि में अपनी निविदा अथवा शर्तों में किसी प्रकार का संशोधन करता है अथवा अपनी निविदा वापस ले लेता है तो उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जावेगी ।

(8) यदि संवेदक का नजदीकी रिश्तेदार (प्रथम रक्त सम्बन्धी व उनके पति/पत्नि) कार्य से सम्बन्धित कार्यालय भू–सम्पत्ति अधिकारी, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर में लेखाकार अथवा सहायक अभियन्ता से लेकर उच्च स्तर के अभियन्ता वर्ग तक का किसी भी स्तर पर पदस्थापित हो तो उसके कार्य पर नियुक्त करने पर प्रतिबन्ध रहेगा ।

(9) विश्वविद्यालय में किसी भी इंजीनियर अथवा इंजीनियरिंग या प्रशासनिक कार्य पर नियुक्त राजपत्रित अधिकारी विश्वविद्यालय अनुमति के बिना सेवानिवृति के 2 वर्ष तक संवेदक अथवा उसके कर्मचारी के रूप में कार्य नहीं कर सकेगें। यदि संवेदक अथवा उसके कर्मचारी में कोई ऐसा व्यक्ति जिसने विश्वविद्यालय की उक्त लिखित अनुमति निविदा जमा कराने से पहले अथवा संवेदक के यहॉ सेवाऐं लेने से पहले अनुमति नहीं ली है तो अनुबन्ध रद्द किया जा सकेगा ।

(10) किसी भी निविदा को स्वीकार करने एवं बिना कारण बताये निरस्त करने के समस्त अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित है। आर.पी.डब्ल्यू. ए–100 (आज दिनांक तक संशोधित) की समस्त शर्तें मान्य होगी ।

(11) संवेदक द्वारा उक्त कार्यों के लिए निर्धारित मशीनरी इत्यादि स्वयं के पास होने या किराये पर लेने का प्रमाण–पत्र देना होगा ।

(12) कार्य पूर्ण करने की अवधि में मानसून अवधि सम्मिलित है।

(13) कार्य की लागत ('जी' अनुसूची में दर्शायी) 10.00 लाख से अधिक राशि पर कार्य के दोष निवारण एवं उनके सुधार (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरियड) का उत्तरदायित्व कार्य पूर्णता के पश्चात मुख्य अभियन्ता, सा.नि.वि. राजस्थान जयपुर के आदेश क्रमांक D-136 दिनांक 30.12.2020 लागू होगा ।

(14) संवेदक द्वारा निम्न दस्तावेज अपनी निविदा के साथ अपलोड करने पर ही उनकी निविदा को खोला जायेगा :–

(क) फर्म का पंजीकरण प्रमाण पत्र

(ख) बिक्री कर शोधन एवं जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, जो निविदा खुलने की तिथि से 3 माह पूर्व तक वैध हो।

(ग) निविदा में दर्शाये अनुसार निविदा शुल्क, धरोहर राशि एवं प्रोसेसिंग शुल्क।

(घ) सलंग्न परिशिष्ट 'क' के अनुसार 100/– रू0 के नॉन ज्यूडिशियल स्टॉम्प पर घोषणा पत्र।

(ड) पी एफ रजिस्ट्रेशन

(15) फर्म का पी एफ रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।

(16) अनबेलेंस बिड की स्थितति में Additional Performance Security के लिएवित्त विभाग द्वारा दिनांक 22. 11.2021 को जारी नवीनतम नोटिफिकेशन के अनुसार निविदादाता को उसमें लिखित समस्त शर्ते को पालन करना होगा।

(17) ई–टेन्डरिंग के लिए निविदादाता हेतु निर्देश :–

(अ) इन निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाता निविदा प्रपत्रों का इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड (download) कर सकते है। निविदादाता द्वारा निविदा शुल्क नकद अथवा डिमांड ड्राफट के रूप में संबंधित कार्यालय में निर्धारित तिथि तक जमा करवाना आवश्यक है।

(ब) निविदाओं में भाग लेने वाले निविदादाताओं को इन्टरनेट साईट www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजीकरण करवाना होगा। ऑन लाइन निविदा में भाग लेने के लिए डिजिटल सर्टिफिकेट इनफोरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट 2000 के तहत प्राप्त करना होगा, जो इलेक्ट्रोनिक निविदा में साइन करने हेतु काम

कर सकते है। जिन निविदादाताओं के पास पूर्व में वैध डिजिटल सर्टिफिकेट है, नया डिजिटल सर्टिफिकेट लेने की आवश्यक्ता नहीं है ।

(स) निविदादाताओं को निविदा प्रपत्र इलेक्ट्रोनिक फोर्मेट में उपरोक्त वेबसाइट पर डिजिटल साइन के साथ प्रस्तुत करना होगा। जिसके प्रस्ताव डिजिटल साइन के साथ नहीं होगें, उनके प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेगें। कोई भी प्रस्ताव अकेले भौतिक फार्म में स्वीकार्य नहीं होगा।

(य) इलेक्ट्रोनिक निविदा प्रपत्रों को जमा करवाने से पूर्व निविदादाता यह सुनिश्चित कर लेवे कि निविदा प्रपत्रों से संम्बन्धित सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्केन कॉपी निविदा प्रपत्रों के साथ सलंग्न कर दी गयी है।

(र) कोई भी टेंडर इलेक्ट्रोनिकली जमा कराने में किसी कारण देरी हो जाता है तो उसका जिम्मेदार विभाग नहीं होगा।

(ल) प्रोसेसिंग शुल्क प्रत्येक निविदा के लिए डी.डी. एम.डी.आर.आई.एस.एल. जयपुर के नाम देय होगी तथा निविदा शुल्क का डी.डी./बैंकर्स चैक एवं धरोहर राशि भू– सम्पदा अधिकारी कार्यालय, कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर **(Estate Officer, Agriculture University, Jodhpur)** के नाम से ही जमा की जायेगी ।

(व) संवदेक निविदा के साथ अपलोड की गई मूल टेंडर फीस, टेंडर प्रोसेसिंग शुल्क, धरोहर राशि एवं इसी निविदा से संबंधित मूल शपथ–पत्र इत्यादि भौतिक रूप से निर्धारित समयावधि में जमा करवाना अनिवार्य है।

यदि किसी निविदादाता द्वारा ऑन लाईन टेन्डर प्रकिया में भाग नहीं लेने पर टेन्डर शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क वापिस नहीं लौटाया जावेगा। कार्य सम्पादन पर देय सभी प्रकार के कर निविदादाता को वहन करना होगा।

**सलंग्नः– परिशिष्ठ 'क' घोषणा पत्र का प्रारूप**

भू– सम्पदा अधिकारी,
**कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर**

परिषिष्ठ 'क'

(100 रू. के नॉन ज्यूडिषियल स्टाम्प पर)

मैं.(नाम) .......................................... (पिता का नाम) ................................................ (उम्र)...................... जाति ..................................

................ व्यवसाय ...................................................... निवासी का हूँ जो कि शपथ पूर्वक यह धोषणा करता हूँ कि–

1. मैं मेरी/हमारी फर्म ............................................................ का एक मात्र मालिक/हिस्सेदार हूँ तथा मैं यह धोषणा पत्र हस्ताक्षरित करने हेतु अधिकृत हूँ।
2. मेरी/हमारी फर्म ....................................................... विभाग ............................................ में ................श्रेणी में स्थायी/अस्थायी रूप से पंजीकृत है तथा यह पंजीयन आज दिनांक तक वैध है।
3. मेरे द्वारा भू सम्पदा अधिकारी कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या ............... में वर्णित पात्रता सम्बन्धी समस्त शर्तो का अध्ययन कर लिया है तथा समस्त शर्ते मुझे मान्य है एवं मेरी/हमारी फर्म उक्त निविदा के कार्य क्रम संख्या ................में निविदाऐं भरने हेतु पात्र है।
4. इन कार्यो को करने हेतु मेरी/हमारी फर्म के पास आवष्यक समस्त मशीनरी एवं अन्य संषाधन उपलब्ध है।
5. मेरे द्वारा उक्त निविदा में प्रस्तुत किए गये समस्त दस्तावेज पूर्णतः वैध है तथा समस्त तथ्य सही है। मैंने कोई भी तथ्य छिपाया/घाटाया/बढाया नही है।

उपरोक्त शपथ पत्र के क्र.स. 1 से 5 में वर्णित तथ्य मेरी निजी जानकारी अनुसार सही है जिन्हे मैं सही होना मानता हूँ। ईश्वर मेरी मदद करें।

**फर्म का पुरा पताः–..........................................................................**

**..........................................................................................**

**पैन नं. ..................................................................**

**बैंक का विवरण –**

**बैंक का नाम मय शाखा ............................................**

**खाता संख्या ...............................................................**

**IFSC Code ………………………………**

**(हस्ताक्षर शपथ ग्रहिता)**

**स्थानः–**

**दिनांकः–**